## महत्वपूर्ण एवं खास

### अलग-अलग इलाकों से दो बाइक पार

**रायपुर (आरएनएस)।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो बाइक पार कर दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजीव लोचन अपार्टमेंट निवासी प्रार्थी अमलेश कुमार चौधरी 41 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमबी 2335 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। वहीं दूसरे मामले में वीर शिवाजी नगर मोहबाबाजार निवासी प्रार्थी अरूण साहहू 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केटी 4672 को रविभवन के पार्किंग में खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जाचं में लिया है।

### मामूली बात पर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम असौंधा में मामूली बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया किरण चेलक ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पचन चेलक, नीलकमल खन्ना व रूपेश चेलक आपस में गाली-गलौज कर रहे थे, जिसे मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किए। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी प्रहलाद चेलक 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बसंत चेलक व संत चेलक प्रार्थी के घर के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जिसे मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाईक दूध टैंकर से टकराई बाईक सवार का सिर धड़ से हुआ अलग



**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के बडग़ांव-पखांजूर मार्ग में पखांजूर की ओर जा रहे मोटर साईकिल सवार दो युवका सुखचंद गावड़े और सोमनाथ खड़ी दूध टैंकर से टकरा गये, टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बाईक चालक सोमनाथ के हेलमेट लगाने के बाद भी उसका सिर धड़ से अलग हो गया। बाइक चालक के साथ बैठे सुखचंद पीछे बैठने के चलते कमर के नीचे दाहिने पैर में चोट आई है, जिसे एंबुलेंस की मदद से बडग़ांव अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल कांकेर रेफर कर दिया है। बडग़ांव पुलिस दूध टैंकर को अपने कब्जे में लिया वहीं दूध टैंकर का ड्राइवर फरार है। घायल सुखचंद गावड़े ने बताया कि हम लोग शिवनी से आ रहे थे, मृतक सोमनाथ निवासी कोरेनार बाइक चला रहा था, मृतक सोमनाथ मानपुर क्षेत्र में बोर गाड़ी में कार्य करता है। मृतक सोमनाथ को उसके गांव कोरेनार छोडऩे आ रहा था। जिस बाइक में दोनो आ रहे थे, वह बाइक उसके जीजा का है, घायल सुखचंद गावड़े ने बताया कि मृतक सोमनाथ को घर छोडऩे के बाद वापस अपने गांव शिवनी आना था। इस दौरान बडग़ांव बीच पचांगी मोड़ के सामने मोड़ पर अचानक दूध टैंकर की से टकरा गए फिर कुछ याद नही है।

# मिलावटी व गुणवत्ताहीन मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने प्रशासनिक टीम ने किया होटलों का निरीक्षण

❒ विभिन्न होटलों से 47 हजार 500 रुपए की हुयी चालानी कार्यवाही



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** त्योहारी सीजन में मिलावटी व गुणवत्ताहीन मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न मिठाई दुकानों में निरीक्षण किया गया। जिसमें गत दिवस भटगांव स्थित बालाजी होटल से बर्फी वह बूंदी लड्डू का खाद्य नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया व होटल भटगांव में अत्यधिक गंदगी मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संचालक को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया गया। उक्त फर्म से 10 किलो अवमानक चमचम मिठाई को नष्ट कराया गया अन्य होटल व मिठाई दुकान के संचालकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वही दूसरे दिन जिला मुख्यालय सारंगढ़ में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच करते हुए छापामार कार्रवाई की गई जिसमें सूरज होटल सारंगढ़ में भारी गंदगी मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर चमचम मिठाई का सैंपल गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया एवं संचालक पर सीएमओ नगरपालिका सारंगढ़ द्वारा 5 हजार रुपए का चालान काटा गया। इसी तरह गंदगी मिलने पर नीलम होटल सारंगढ़ में 5 हजार, अभिनंदन सारंगढ़ में 5 हजार ठाकुर बिरियानी सेंटर सारंगढ़ में 5 हजार, जय भवानी रेस्टोरेंट सारंगढ़ में 5 हजार, राजेंद्र होटल सारंगढ़ में 5 हजार, लाला होटल सारंगढ़ में 2 हजार का चालान काटा गया। इसी तरह बरमकेला सरिया के विभिन्न होटलों में चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 47 हजार 500 रुपए का चालान काटा गया।

उक्त कार्यवाही में जिला खाद्य अधिकारी, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, तहसीलदार सारंगढ़, बरमकेला सरिया, नगर पालिका सीएमओ सारंगढ़ बरमकेला सरिया खाद्य निरीक्षक व अन्य अधिकारी गण शामिल थे।

#### जप्त किए गए घरेलू सिलेंडर

जांच के दौरान अभिनंदन होटल सारंगढ़ में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था जिस पर खाद्य निरीक्षक सारंगढ़ द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई।

#### नहीं था लाइसेंस डिस्प्ले मिठाईयो में निर्माण की तिथि गायब

जांच के दौरान मिठाई दुकानों में न तो खाद्य लाइसेंस सही जगह पर डिस्प्ले मिला और न ही मिठाइयों में निर्माण तिथि, जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिठाई दुकान संचालकों को वैद्य खाद्य लाइसेंस सही जगह प्रदर्शित करने मिठाइयों में निर्माण व अवसान तिथि प्रदर्शित करने खाद्य पदार्थों में न्यूज़पेपर का उपयोग न करने व स्वच्छ माहौल में मिठाई व खाद्य पदार्थों का निर्माण करने एवं उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थो का उपयोग करने के दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न मिठाई दुकानों से लगभग 40 केजी और मानक व बासी मिठाइयों को तुरंत नष्ट करवाया गया।

# शहीद के परिजनों से भेंट कर प्रेषित की गई दीपावली की शुभकामनाएं





**रायगढ़।** जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा जिले में निवासरत शहीद के परिजनों से भेंट कर उनका कुशल क्षेम जाना गया, साथ ही उन्हें माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की ओर से दीपावली की प्रेषित शुभकामनाएं संदेश सम्मान पूर्वक प्रदाय किया गया है।

प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व एवं दीपावली तथा पुलिस के कार्यक्रमों में जिले में निवासरत शहीद परिवार के सदस्यगण का सम्मान किया जाता रहा है। इसी क्रम में आज दीपोत्सव में पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर थाना, चौकी प्रभारीगण उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत शहीद परिवार के परिजनों से भेंट कर उनका कुशल क्षेम जाना गया और उन्हें मिष्ठान के साथ छत्तीसगढ़ शासन की ओर से प्रेषित शुभकामनाएं संदेश सम्मान पूर्वक दिया गया है। विदित हो कि बीते 21 अक्टूबर पुलिस स्मृति दिवस के कार्यक्रम में शहीद परिवार के सदस्यगण सादर आमंत्रित हैं जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा शाल, श्रीफल के साथ सम्मानित किया गया था।

# चोरी की दो नग समर्सिबल पंप के साथ आरोपी गिरफ्तार, घर में छिपा रखा था पंप



**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर कौहाकुंडा चक्रधरनगर में रहने वाले मुकेश यादव के घर दबिश देकर मुकेश यादव के कब्जे से चोरी का 2 नग समर्सिबल पंप कीमत रु.10,000 का जप्त किया गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुकेश यादव अपने घर में चोरी की समर्सिबल पंप छिपा कर रखा है जिसे बेचने के लिए कुछ लोगों से चर्चा भी किया है। थाना प्रभारी के निर्देशन पर प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन हमराह स्टाफ के साथ कौहाकुंडा रवाना होकर दो गवाहों के समक्ष संदेही मुकेश यादव को तलब किये और घर पर चोरी का समर्सिबल पंप छिपाकर रखे होने के संबंध में सख्ती से पूछताछ किए मुकेश यादव चोरी का पंप छिपा कर रखना स्वीकार करते हुए 2 नग पुरानी समर्सिबल पंप कीमती 10,000 रूपये लाकर पेश किया जिसे जप्त कर आरोपी मुकेश यादव पिता पितांबर यादव उम्र 36 वर्ष निवासी कौहाकुंडा थाना चक्रधरनगर के विरुद्ध धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC के तहत कार्यवाही कर आरोपी को जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है।

# धान खरीदी के संबंध में समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण





**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट की अध्यक्षता में आज जनपद पंचायत कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में दो पालियों में धान खरीदी वर्ष 2022-23 के संबंध में प्रशिक्षण बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत विकासखंड बरमकेला एवं बिलाईगढ़ के समिति प्रबन्धक/ धान खरीदी प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों का प्रशिक्षण मार्कफेड के मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रथम पाली में एवं विकासखंड सारंगढ़ के समिति प्रबन्धक/धान खरीदी प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों द्वितीय पाली में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में धान खरीदी 2022-23 के दौरान समिति प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही इस खरीदी वर्ष से कृषकों द्वारा स्वयं अपने मोबाइल से लॉगिन कर टोकन प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है। जिस हेतु शासन द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन 'किसान टोकन तुंहर हाथÓ तैयार किया गया है। जिसे प्ले स्टोर से आसानी से डाऊनलोड किया जा सकता है। उक्त मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध मे जानकारी दिया गया।

प्रशिक्षण में खाद्य अधिकारी, उप पंजीयक सहकारिता, अनुविभागीय अधिकारी रा.सारंगढ़, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़, डीएमओ नोडल अधिकारी, अपैक्स बैंक, तहसीलदार भटगांव, तहसीलदार बिलाईगढ़, खाद्य निरीक्षक सारंगढ़, खाद्य निरीक्षक बरमकेला, खाद्य निरीक्षक बिलाईगढ़, सहकारिता विस्तार अधिकारी सारंगढ़, सहकारिता विस्तार अधिकारी बरमकेला के साथ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के समस्त समिति प्रबन्धक/ खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर सम्मिलित हुए।

# "हमर सियान" योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए नगर पुलिस अधीक्षक ले ली अधिकारियों की बैठक

❖ वृद्धजनों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए प्रारंभ किया गया है "हमर सियान" योजना

❖ थानों में सीनियर सिटीजन हेल्प के गठन के साथ नोडल अधिकारी की नियुक्ति, जागरुकता अभियान और योजना के प्रचार-प्रसार पर हुई चर्चा



**रायगढ़।** माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ऐसे वृद्धजन जो एकांकी जीवन जी रहे हैं एवं उपेक्षित हैं उन्हें आपातकालीन स्थिति में सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य में "हमर सियान" योजना प्रारंभ किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से बुजुर्गों के सम्मान की सुरक्षा एवं उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। "हमर सियान" योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर आज पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा जिले के सभी थानों से बुलाये गये पुलिस अधिकारियों तथा योजना के क्रियान्वयन हेतु चयनित एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए सभी थानों में सीनियर सिटीजन हेल्पडेस्क का गठन को लेकर चर्चा किया गया जिसमें पृथक से कर्मचारी नियुक्त होंगे, यह हेल्प डेस्क 24X7 प्रणाली पर कार्य करेगा। सीनियर सिटीजन हेल्पलेस के कार्यों की मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण तथा पुलिस मुख्यालय समन्वय स्थापित करने हेतु जिला स्तर पर एक राजपत्रित स्तर के अधिकारी की नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्ति। योजना के माध्यम से निरंतर अंतराल में वरिष्ठ अधिकारियों के अधिकारों, तथा "माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम 2007 के प्रावधानों" के संबंध में आमजन के बीच जागरूकता अभियान चलाने जैसे विषयों पर चर्चा किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक एवं सीनियर सिटीजन जिला नोडल अधिकारी अभिनव उपाध्याय द्वारा जिले में ऐसे अकेले रह रहे उपेक्षित वरिष्ठ नागरिकों की सूची बीट पुलिसकर्मियों द्वारा तैयार करने एवं ऐसे वरिष्ठजनों से माह में कम से कम 2-3 बार उनका कुशलक्षेम जानने और उनकी छोटी-मोटी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया गया तथा कर्मचारीगण को इस योजना के लिए जारी हेल्प लाइन नंबर 94791-91536 का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने निर्देशित किया गया। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक संदीप गायकवाड, एनजीओ के अर्चना लाल, जिवेश नायक, यामिनी भारद्वाज तथा थाना, चौकी के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शादी का प्रलोभन देकर युवती का दैहिक शोषण, आरोपी युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत निवासरत युवती दिनांक 21.10.2022 को थाना लैलूंगा में सूरज भगत निवासी सिहारधार लैलूंगा के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर पिछले दो वर्ष से शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन लेकर अपने परिवारवालों के साथ आयी।

पीड़ित युवती बताई कि वर्ष 2020 में ग्राम सिहारधार के सूरज भगत से जान परिचय होने से सूरज भगत शादी करूंगा बोला और माह नवम्बर 2020 को एक दिन निर्माणाधीन मकान में रात्रि के समय शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद से सूरज भगत 06 अक्टूबर 2022 तक संबंध बनाया है जो अब शादी नहीं करूंगा कहकर बातचीत करना बंद कर दिया है। युवती के आवेदन पर आरोपी सूरज भगत पिता दासीलाल भगत उम्र 21 वर्ष निवासी सिहारधार लैलूंगा के विरूद्ध धारा 376 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम के नेतृत्व में तत्काल सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम और प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी द्वारा ग्राम सिहारधार जाकर आरोपी पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# पेड़ की टहनी काटते वक्त गिरे युवक की मौत



**कोरबा (आरएनएस)।** जिस डंगाल पर बैठा था उसी को कल अपरान्ह काट रहे युवक को गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हालत में कोरबा जिला अस्पताल देर शाम को लाया गया। यहां आज तडक़े 3 बजे के लगभग उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के प्रमुख स्थलों में शुमार देवपहरी के नवापारा आश्रित मोहल्ला निवासी युवक महेंद्र मंझवार उम्र 35 पिता सुखराम मंझवार बकरी पाल रखा था। वह अपनी पत्नी के साथ रोजाना की भांति कल भी बकरियों को लेकर चराने देवपहरी के नवापारा पहाड़ी जंगल ले गया था। वहां दोनों पति.पत्नी जंगल में चर रही बकरियों की देखभाल कर रहे थे। इसी दौरान उसकी पत्नी ने बकरियों के चारा के लिए कुछ पत्तेयुक्त डंगाल काटने की उससे आग्रह किया। जिसके बाद महेंद्र मंझवार आव देखा न ताव देखा सीधे पेड़ पर चढ़ गया और जिस डाल पर बैठा था उसी को काटने लगा। जिसके कारण पतली डाल पर वजन ज्यादा हो जाने के कारण वह टूट गई और उससे करीबन 20 फीट ऊंचाई से गिर गया। जिससे कि उसे गंभीर चोटें आई। यहां तक कि उसके सिर एवं सीने में काफी गहरा चोट लगा था। इस वजह से वह खून से वहीं पहाड़ी पर ही लथपथ हो गया था। किसी तरह से उसे देवपहरी स्थित लघु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उसकी हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल कोरबा रेफर कर दिया गया। यहां लाए जाने के बाद उसका उपचार चल रहा था। इसी दौरान तडक़े तीन बजे के लगभग उसके शरीर से अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। अस्पताल चौकी प्रभारी रविंद्र जर्नादन ने बताया कि मृतक की पत्नी एवं परिजनों का बयान दर्ज कर लिया गया है। आगे की विवेचना कार्यवाही के लिए संबंधित थाने को मर्ग डायरी भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# शांति और सौहार्द रूप से त्योहार सम्पन्न कराने सुरक्षा के कड़े इंतजाम

❒ नाकेबंदी के साथ-साथ पुलिस कर रही बाजार में फुट पेट्रोलिंग

❒ जन मानस को सुरक्षा का बोध दिलाने एडिशनल एसपी, सीएसपी के साथ कोतवाली पुलिस ने की फ्लैग मार्च

❒ दीपावली को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक ने ली शांति समिति की बैठक



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मींणा के निर्देशन पर दीपावली त्यौहार के मद्देनजर सम्पूर्ण जिले में सुरक्षा के और कड़े इंतजाम किये गये है। जिले में प्रवेश करने वाले मार्गों में पुलिस नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर सभी प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। प्रतिदिन सभी थानाक्षेत्र में बाजार और भीड़-भाड क्षेत्र में पुलिस की फुट पेट्रोलिंग जारी है , साथ ही पुलिस टीमें अपने-अपने क्षेत्र के हॉटल, ढाबा, धर्मशाला चेक कर रूकने वालों के ठहरने के कारणों की तस्दीकी किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज शाम आम जनमानस को सुरक्षा का बोध कराने एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, टीआई कोतवाली शनिप रात्रे एवं कोतवाली पुलिस द्वारा शहर में फ्लैग मार्च के रूप में पेट्रोलिंग किया गया। पुलिस टीम व्यापारियों को सड़क ऊपर सामान नहीं रखने की समझाइश दिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए यातायातकर्मियों को एएसपी संजय महादेवा द्वारा निर्धारित समय तक पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने निर्देश दिए।

वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा कोतवाली थाने में जन प्रतिनिधों के साथ शांति समिति की बैठक लिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा शहरवासियों को प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए निर्धारित किये गये समय तक फटाके जलाने की अपील किया गया। वे बताये कि पुलिस लगातार फुट पेट्रोलिग कर माइनर एक्ट की कार्रवाई करेगी, बिना नम्बर और मॉडीफाई सायलेंसर वाले वाहन पर कार्यवाही करेगी। फटाके जलाते वक्त बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान दें। फटाकों के साथ छेड़खानी ना करें उत्पाती और असमाजिक तत्वों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। बैठक में कोतवाली टीआई शनिप रात्रे और सायबर/ जूटमिल चौकी प्रभारी एसआई के.के. पटेल भी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480